क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2023/ 1139

विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

प्रति,

दिनांक :- 17/01/2023

प्राचार्य,
जय जवान महाविद्यालय,
तराना, जिला-उज्जैन।

विषय :- बी.कॉम.(प्लेन) एवं बी.ए. पाठ्यक्रमों का सत्र 2019-20, 2020-21,2021-22 एवं 2022-23 का शेष शुल्क जमा करवाये जाने के संबंध में।

संदर्भ :- विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/1321,दिनांक 29.11.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि,महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बी.कॉम.(प्लेन) एवं बी.ए.(आ.पा., हिन्दी साहित्य,राजनीति विज्ञान,समाजशास्त्र,भूगोल,इतिहास,अर्थशास्त्र) का विगत सत्र 2019-20, 2020-21,2021-22 एवं 2022-23 तक का निरंतरता शुल्क महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवाया गया है। इस संबंध में महाविद्यालय को पूर्व में उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा सूचित किया जा चुका है, परंतु आज दिनांक तक महाविद्यालय द्वारा शुल्क जमा नहीं करवाये जाने से प्रकरण को विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 19.12.2022 में प्रस्तुत किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि,''जय जवान महाविद्यालय, तराना, जिला-उज्जैन को सात दिवस का समय दिया जा कर शुल्क न जमा करने पर सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही की जाये।''

अतः उपरोक्त निर्णय के अनुपालन में निर्देशित किया जाता है कि, पत्र प्राप्ति के सात दिवस में उपरोक्त सत्रों का शेष शुल्क विश्वविलाय की शुल्क तालिकानुसार 25% विलम्ब शुल्क एवं 18% जी.एस.टी. सहित कुल शुल्क अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा कर विवरण विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त कर दी जावेगी, जिसका समस्त उत्तर दायित्व महाविद्यालय का होगा।

आदेशानुसार

(signature)

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2023/ 1140

दिनांक :17/01/2023

प्रतिलिपि :-

01. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
02. अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय,उज्जैन।
03. प्राचार्य, शासकीय कालिदास कन्या स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय,उज्जैन।
04. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
05. परीक्षा नियंत्रक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
06. प्रभारी, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
07. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(signature)

उपकुलसचिव(अकादमिक)

211 E/New Fold./Affi.college/Ujjain/Gen.Latt

Scanned with CamScanner